तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 13.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 11 मार्च 2025

12 सेवा धाम आश्रम का निर्माण होगा पूरा



12 नारायणगढ़ को गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक की सौगात



## खबर संक्षेप

### अवैध देसी पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस ने दहिया फार्म बूडिया के सामने से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी पिस्टल बरामद की है। सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात ईएचसी संजीव कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक दहिया फार्म के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी पिस्टल बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव रग्गर माजरा निवासी विशाल उर्फ बिल्ला के रूप में हुई।

### मजदूरी करते छह बच्चों को मुक्त करवाया

**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया की सूचना पर मानव तस्करी विरोधी इकाई ने छह बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवा बच्चों को बाल कल्याण समिति में पेश कर उनकी काउंसलिंग करवाई गई। संस्था की शिकायत पर पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई एएचटीयू टीम ने सोमवार को फ्लोरा चौंक के साथ लगती मार्किट से बाल श्रम करते हुए छह बच्चों को रेस्क्यू करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 7 लाख ठगे

**पानीपत।** गांव मतलौडा निवासी जसबीर से साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर सात लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में जसबीर ने बताया कि एक फरवरी को उसके फोन पर एक मैसेज आया। जिसमें ऑन लाइन ट्रेडिंग संबंधित जानकारी थी। उसने उनकी बात मानकर 24 फरवरी को बैंक खाते से 5 लाख रुपए व 25 फरवरी को दो लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फौजी के घर से लाखों के गहने चोरी, केस दर्ज

**समालखा।** पानीपत के गांव मछरौली निवासी साक्षी के घर से चोरों ने जेवर चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में साक्षी ने बताया कि उसका पति आर्मी में है। जिसके चलते वह कभी अपने मायका तो कभी अपने ससुराल रहती है। 27 अगस्त को वह अपनी बहन के साथ चली गई थी। जबकि अपने आभूषण अलमारी में रखकर उसका लॉक लगाकर चाबी अपनी सास को देकर गई थी। 22 फरवरी को उसका पति जब अपने घर आया तो चोरी होने का पता चला। चोर उनके घर से करीब सवा नौ तोले सोने के आभूषण थे। जिनकी कीमत साढे सात लाख से अधिक थी।

### युवक से मोबाइल फोन छीनने के 3 आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने मलिक पेट्रोल पंप के पीछे स्थित फायर ब्रिगेड ऑफिस के सामने युवक से मोबाइल फोन छीनने वाले तीन आरोपियों सूरज पुत्र राम जियावन निवासी रेहुआ मंसूर बहराइच, सर्वेश पुत्र सुबेदार निवासी हरवंशी पूरवा बहराइच व दीलीप पुत्र हरिराम निवासी धनवा बहराइच यूपी हाल जेलिंग हाइवे ढाबा नजदीक टोल टेक्स प्लाजा पानीपत को गिरफ्तार किया है।

### सरस्वती नदी के किनारे से मीट की दुकानें हटेंगी

**कुरुक्षेत्र।** पिपली से ज्योतिसर तक पवित्र सरस्वती नदी के किनारे से मीट की दुकानों को हटाने के आदेश जारी किए गए है। इन आदेशों के तहत मीट की दुकानों को हटाने और अन्य अतिक्रमण की कार्रवाई करने के लिए बकायदा डयूटी मैजिस्ट्रेट भी नियुक्त किया गया है। जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने सोमवार को जारी आदेशों में कहा है कि प्रशासन के पास लगातार सूचनाएं और शिकायत मिल रही है कि पिपली से ज्योतिसर तक पवित्र सरस्वती नदी के किनारे मीट की दुकाने चल रही हैं।

## ऊर्जा मंत्री विज ने पुराने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# एसडी चटर्जी फुटबाल ट्रॉफी पर कालका अकादमी का कब्जा

### पटियाला की दलबीर अकादमी टीम को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- अंबाला छावनी में फिर लौटेगी फुटबाल की दीवानगी : विज

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने एसडी चटर्जी फुटबाल ट्रॉफी के दौरान पुराने फुटबाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन खिलाड़ियों की तस्वीरें लगाकर उन्हें याद किया गया है। इस दौरान विज ने कहा कि अंबाला छावनी में फुटबाल फिर अपने यौवन पर आने वाला है।

वे वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के फीफा एप्रूव्ड फुटबॉल ग्राउंड में एसडी चटर्जी ट्रॉफी के फाइनल मैच के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें यह अच्छा लगा कि प्रतियोगिता आयोजक फुटबाल लवर्स वेलफेयर सोसाइटी ने दादा एसडी चटर्जी के नाम से प्रतियोगिता का आयोजन किया। उन्हें अच्छा लगा कि चटर्जी के परिवार सदस्य भी कई सालों बाद यहां आए हैं।



**अंबाला।** उपविजेता को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मंत्री अनिल विज।

#### चटर्जी को श्रद्धांजलि

यह चटर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है जो उन्होंने इस शहर के लिए किया। कई खिलाड़ी तैयार किए। यह अच्छा है कि फुटबॉल संस्था का नाम "फुटबाल लवर्स वेलफेयर सोसायटी" रखा। खेलने वाले तो तैयार हो सकते है, मगर आवश्यकता लवर्स की है। मंत्री ने कहा कि मैंने इस मैदान में फुटबाल मैच देखे हैं। मैदान चारों ओर से भरा हुआ होता था। दर्शकों में ऐसा जोश होता था मानों वह ही फुटबाल खेल रहे हों। मैंने दादा एसडी चटर्जी को देखा है जोकि जोश के साथ फुटबाल खिलाड़ियों को खेल के बारे में बताते थे। समय था जब अंबाला छावनी फुटबाल का गढ़ था। गांधी ग्राउंड में तो टिकट लगाकर मैच होते थे और खूब भीड़ होती थी। तब अंबाला छावनी में यूनियन क्लब, हीरोज क्लब, एरियंस क्लब व अन्य फुटबॉल टीमें थी जिन्होंने सारे हिंदुस्तान में फुटबाल क्षेत्र में अपनी धाक जमाई। पश्चिम बंगाल की मोहन बगान तक को उन्होंने हराया था। उन्होंने जो विश्लेषण किया कि फुटबाल के लिए बाकि स्थानों पर टर्फ लगा मगर अंबाला छावनी में खिलाड़ी मिट्टी में खेलते रहे और खेल पिछड़ता रहा। उन्हें जब मौका मिला तो उन्होंने छावनी में बढ़िया फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम बनवाया जोकि जल्द बनकर तैयार होगा। इसके स्टेडियम के आसपास एक भी फीफा एप्रूव्ड स्टेडियम नहीं है। उन्होंने कहा कि "राजनीति हमारे लिए रहने दो, फुटबॉल में राजनीति न आने दो", कई बार वह इधर-उधर की बात सुनते हैं जो फुटबॉल खेल को कमजोर करती है। जो खेल भावना है उसके साथ ही फुटबाल खेलना चाहिए। आप अपनी संस्था में भी कर रहे हैं तो खेल भावना के साथ कार्य करें। विज ने फाइनल मुकाबले के दौरान इस अवसर पर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष राजेश शर्मा के अलावा सुभाष शर्मा, नरेश कुमार, राकेश शर्मा, सुभाष, अशोक शर्मा, धीरज भाटिया, अनिल गोयल व एडी गांधी भी मौजूद रहे।

#### उत्साह बढ़ाया

फुटबाल को किक मारते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने फाइनल मैच देखा जिसमें कालका फुटबाल अकादमी टीम ने पटियाला की दलबीर फुटबाल अकादमी को 2-0 से हराते हुए प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता व उप विजेता टीम को मंत्री अनिल विज ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# बसताड़ा टोल प्लाजा पर लोगों ने किया हंगामा

- क्रासिंग और लोकल आईडी की जांच को लेकर विवाद जारी
- टोल अधिकारियों ओर कर्मियों पर बदतमीजी करने के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हाइवे के बसताड़ा टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों की अभद्रता के खिलाफ लोगों ने जमकर हंगामा किया। सैकड़ों की संख्या में टोल कंपनी के दफ्तर पहुंचे स्थानीय लोगों ने नारेबाजी करते हुए टोल पर की जा रही गुंडागर्दी को लगाम लगाने की मांग की । टोल पर पिछले काफ़ी समय से क्रासिंग और लोकल आईडी की जांच को लेकर विवाद, चला आ रहा है।

लोकल वाहन चालकों को निकालने को लेकर कर्मियों पर बदतमीजी करने के आरोप है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं टोल अधिकारियों का आरोप लोकल फर्जी आईडी से बाहरी वाहन चालक वाहन निकालते है। जांच के दौरान सैकड़ों फर्जी आईडी जब्त की गई है। बसताडा टोल प्लाजा से लोकल वाहनों की फ्री क्रासिंग को लेकर विवाद एक बार फिर बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ओर टोल कर्मियों के बीच रोजाना हो रहे झगड़े से तंग होकर सैकड़ों स्थानीय लोग नगरपालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता की अगुवाई में टोल पर पहुंचे । टोल कंपनी के बाहर नारेबाजी करते हुए लोगों ने टोल अधिकारियों ओर कर्मियों पर बदतमीजी करने के आरोप लगाए। लोगों के आक्रोश और हंगामे को बढ़ता देख डीएसपी मनोज कुमार दलबल के साथ पहुंचे और लोगो को शांत करने का प्रयास किया। टोल पर पहुंचे नगरपालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि लोकल वाहन चालकों को जानबुझ कर तंग किया जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी यदि टोल पर माहौल नहीं बदला तो धरना शुरू करेंगे।

#### दो सौ फर्जी आईडी

टोल कंपनी के प्रबंधक जलजीत काजल ने बताया कि टोल से फ्री क्रासिंग के लिए बाहरी लोगों ने फर्जी लोकल आईडी बना रखी है। बीते दिनों टोल पर चेकिंग सख्त की है जांच के दौरान करीब दो सौ फर्जी आईडी पकड़ी गई है । टोल पर पकड़ी गई फर्जी आईडी में पुलिस और सरकारी व अन्य विभागों के नकली ओर फोटोकॉपी आईडी कार्ड शामिल है.लोकल वाहान वालो क्रो कोई परेशानी नहीं होगी। उधर, डीएसपी मनोज कुमार ने बताया दोनों पक्षों में सहमति बन गई है।

## कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने जीते 3 मेडल

- नरसी मोंजी हाफ मैराथन के तीसरे संस्करण का चंडीगढ़ में 9 मार्च को आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने नरसी मोंजी हाफ मैराथन में 3 मेडल जीत कर हरियाणा का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों ने अलग-अलग कैटेगरी में पदक हासिल किए हैं। इन खिलाड़ियों का कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

खिलाड़ी वीरभान ने सोमवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में बातचीत करते हुए कहा कि नरसी मोंजी हाफ मैराथन 2025 के तीसरे संस्करण का आयोजन 9 मार्च चंडीगढ़ में किया गया। इस हाफ मैराथन में द्रोणाचार्य स्टेडियम के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया, इसमें 3 एथेलिटस ने अपनी-अपनी आयुवर्ग में स्थान हासिल किया है। सुनील कुमार कारसा ने 35 से 40 आयुवर्ग 11 किलोमीटर रेस में द्वितीय स्थान, अमीन गांव के पूर्व सरपंच पुनरवसु ने 55 से 64 आयुवर्ग में 11 किलोमीटर दौड में प्रथम स्थान, डा. चंद्र पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सुरेन्द्र कुमार ने 11 किलोमीटर की मैराथन दौड़ पूर्ण की। इन सभी खिलाड़ियों का द्रोणाचार्य स्टेडियम में पहुंचने पर स्वागत किया।




# विवाहिता ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

- परिजनों ने ससुराल पक्ष के सदस्यों पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की हमीदा कॉलोनी में बीती रात एक महिला ने घर पर पंखे से फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला का पति मर्चेंट नेवी में नौकरी करता है। वह दस दिन पहले ही छुट्टी के बाद ड्यूटी पर गया था। मृतका के मायके वालों ने पति व सास-ससुर पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पंजाब के तरनतारन निवासी मृतका के पिता सर्वजीत सिंह ने बताया कि उसने अपनी बेटी 35 वर्षीय रमनदीप कौर की शादी 2016 में तरनतारन निवासी हरजिंद्र सिंह के साथ की थी। हरजिंद्र सिंह मर्चेंट नेवी में नौकरी करता है।

हरजिंद्र सिंह कुछ दिन पहले ही ड्यूटी से छुट्टी पर आया था। दस दिन पहले ही वह छुट्टी खत्म करके ड्यूटी पर वापस चला गया। उसकी बेटी का पति तथा सास ससुर उसे हमीदा से तरनतारन ले जाने का दवाब बना रहे थे और उसकी लड़की को परेशान करते थे। रविवार उन्हें सूचना मिली थी कि उसकी बेटी ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है।



**यमुनानगर।** यमुनानगर। पुराना हमीदा में महिला द्वारा खुदकुशी करने के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

#### युवक ने दी जान

**कुरुक्षेत्र।** थाना कृष्णा गेट के अंतर्गत कीर्ति नगर में 30 वर्ष के एक युवक ने फांसी लेकर अपनी जान दे दी। हादसे की सूचना मिलने पर थाना कृष्णा गेट के एएसआई पंकज शर्मा मौके पर पहुंचे। मौके पर पुलिस ने सीन आफ क्राइम टीम को बुलाया। टीम ने मौके से जरूरी सबूत इक_ किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी अस्पताल भेज दिया। जांच अधिकारी पंकज शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कीर्ति नगर में 30 वर्षीय युवक सतीश ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि मृतक सतीश घर में लगे पंखे से लटका हुआ था। सतीश किसी चुन्नी नुमा कपड़े से छत में लगे पंखे से आत्महत्या की है।

# दोसड़का के पास अवैध खनन में संलिप्त डंपर जब्त

- खनन विभाग के साथ इंफोर्समेंट व जिला पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अवैध खनन को लेकर प्रशासन की ओर से लगातार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खनन विभाग के साथ इंफोर्समेंट व जिला पुलिस समेत कई विभागों की टीमें पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही हैं।

देर रात्रि खनन विभाग की टीम ने दोसडका चौक के पास एक डंपर को खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर हरियाणा माइनिंग रूल 2012 के रूल 102 के तहत सीज करने का काम किया है। खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के निरीक्षक सोनू ने बताया कि विभाग की टीम ने दोसडका के पास यह कार्रवाई अमल में लाई है। इस टीम में खनन सहायक सुनील कुमार, खनन रक्षक शिव चरण, ईएसएआई सुरजन सिंह शामिल हैं।

बता दें कि खनन विभाग व अन्य टीमों द्वारा अवैध खनन पर नकेल कसने के मकसद से निरंतरता कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षक ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर हर माह बैठक लेकर अवैध खनन से संबंधित कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा कर रहे हैं। अवैध खनन में किसी की भी संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




**अंबाला।** जांच टीम की ओर से जब्त किया गया डंपर। *फोटो : हरिभूमि*

# दुकान में चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया

सीआईए-टू पुलिस टीम ने रादौर के कमेटी चौक पास दुकान में हुई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईए टू पुलिस टीम के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि औरंगाबाद पुल के नीचे एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने एएसआई योगेश, मुख्य सिपाही मनीष, अमित, जसपाल की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौके पर जाकर वहां पर घूम रहे युवक को काबू किया।

पूछताछ में आरोपी की पहचान माता मोहल्ला रादौर निवासी रामपाल के रूप में हुई। पूछताछ पर आरोपी ने छह मार्च को कमेटी चौक रादौर से दुकान का शटर तोड़कर एक मोबाइल फोन व नकद पैसे चोरी करने की वारदात को कबूल किया। आरोपी से मोबाइल फोन व नकद पैसे बरामद किए गए। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायर्ड एसोसिएशन की बैठक

# रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याओं पर मंथन

- सरकार पेंशनरों की बात तक नहीं सुन रही : केडी खेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायर्ड एसोसिएशन हरियाणा की एक्जीक्यूटिव बॉडी की बैठक जगाधरी के श्रीराम लीला भवन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से दिल्ली से एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार केडी खेड़ा और रोहतक से जनरल सचिव एमएल अरोड़ा उपस्थित हुए। बैठक में बैंकों से रिटायर्ड अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार केडी खेड़ा ने कहा कि सरकारी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी बेहद बदतर हालत में अपना जीवन व्यापन कर रहे हैं लेकिन सरकार पेंशनरों की बात तक नहीं सुन रही। इसी बात को लेकर बार बार जंतर मंतर पर और बैंक के हेड ऑफिस के बाहर धरने दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पैंशन अन्य विभागों की तुलना में बहुत ही कम है। जो पेंशन 1995 में मिलती थी वही अब मिल रही है। जिस प्रकार से मंहगाई बढ़ रही है पेंशनर्स का गुजारा काफी मुश्किल होता जा रहा है।



**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित श्री राम लीला भवन में आयोजित बैठक में अपनी समस्या बताते एसोसिएशन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### 1995 के बाद रिवीजन नहीं

बैंक कर्मचारियों की पेंशन का गठन 1995 में किया गया था लेकिन उसके बाद आज तक रिवीजन नहीं किया गया। जबकि सेंटर और स्टेट के कर्मचारियों की हर चार साल बाद पेंशन का रिवीजन होता है। उन्होंने बताया कि इस विषय में बैंक कर्मचारियों की बैंक मैनेजमेंट के साथ कई बार मीटिंग हुई किंतु कोई भी मांग को पूरा नहीं किया गया।

महासचिव एमएल अरोड़ा ने कहा कि कुछ समय पूर्व पंजाब नैशनल बैंक में दो बैंको का मर्ज हुआ। जिस की एक शर्त के अनुसार यदि किसी बैंक के कर्मचारियों को कोई अतिरिक्त सुविधा मिल रही है तो वह जारी रहेगी तथा मर्ज हुए अन्य बैंकों के कर्मचारियों को भी मिलेगी। उस समय ओरिएंटल बैंक के पैंशनर्ज को चार हजार रुपये प्रति वर्ष मेडिकल के मिलते थे और यूनाइटेड बैंक के पैंशनर्ज को प्रति वर्ष दस हजार रुपये का ऋण बिना ब्याज के मिलता था।

अब मर्ज के पश्चात पंजाब नेशनल बैंक ने यह सुविधा सभी पेंशनर्स के लिए बंद कर दी। मौके पर रमेश सैनी, आरसी यादव, वेद प्रकाश, सिंदर सिंह, एमसी पाल, अशोक ककड़, प्रेम सिंह, अशोक मेहता व अरूण गुप्ता उपस्थित थे।

# दंपति ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर किया हंगामा

- मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारी के साथ की हाथापाई
- पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी सिविल अस्पताल में बीती रात दंपत्ति ने जमकर हुडदंग मचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारी के साथ आरोपियों ने हाथापाई की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी सिविल अस्पताल के डॉक्टर अमरदीप सिंह ने बताया कि रात को वह नाइट ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान उसे एक लड़की व उसके साथ अन्य लोग शराब के नशे में होने की सूचना मिली।

#### अभद्र व्यवहार किया

जब वह मौके पर पहुंचा तो आरोपी उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। उसने मामले की सूचना अस्पताल में तैनात पुलिस चौकी में दी।

सूचना मिलते ही एएसआई संजीव कुमार व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। मगर आरोपियों ने पुलिस कर्मचारियों के साथ हाथापाई की और सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो आरोपियों की पहचान छछरौली निवासी हीना व ईरशाद के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

खबर संक्षेप



## दुकान में चोरी का आरोपी किया काबू

**यमुनानगर।** सीआईए-टू ने रादौर के कमेटी चौके पास दुकान में हुई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। टीम के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि सूचना पर औरंगाबाद पुल के नीचे संदिग्ध घूम रहे एक युवक को एएसआई योगेश, एचसी मनीष, अमित, जसपाल की टीम ने संदिग्ध घूम रहे एक युवक को हिरासत में लिया। जिसने पूछताछ में अपनी पहचान माता मोहल्ला रादौर निवासी रामपाल के रूप में बताई। पूछताछ में पता चला कि उसने छह मार्च को कमेटी चौक रादौर से दुकान का शटर तोड़कर एक मोबाइल फोन व नकद पैसे चोरी करने की वारदात को कबूल किया। आरोपी से मोबाइल फोन व नकद पैसे बरामद किए गए। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## टायर पेंचर की दुकान से 35 हजार और पर्स चोरी

**यमुनानगर।** गांव रतनगढ़ स्थित टायर पेंचर की दुकान से चोरों ने 35 हजार रुपये और पर्स चोरी कर लिया। पर्स में जरूरी कागजात थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला कैथल के गांव बरसाना निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव रतनगढ़ में फौजी ढ़ाबा के पास टायर पेंचर की दुकान है। आठ मार्च को वह रात साढ़े 11 बजे दुकान में ही सो गया। सुबह जब वह उठा तो उसे दुकान में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान में रखे 35 हजार रुपये व उसका पर्स गायब मिला। पर्स में जरूरी कागजात थे। उसने अपने स्तर पर चोरों का पता करने का प्रयास किया लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

# खनन विभाग: नियमों का उल्लंघन करने पर काटे 45 वाहनों के चालान

अवैध खनन के खिलाफ दिन रात अभियान चला रही जिला प्रशासन की संयुक्त टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन और खनन विभाग की संयुक्त टीमों ने जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने और नियमों की पालना नहीं करने वाले खनिज वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए चलाया जा रहा चैकिंग अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमें रात दिन सड़कों पर चैकिंग अभियान चला रही हैं। इसी अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीम ने नियमों की पालना नहीं करने वाले 45 वाहनों के चालान काटकर उन पर 5 लाख 65 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया।



**यमुनानगर।** चैकिंग अभियान में खनिज वाहन का चालान काटती टीम।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अवैध खनन करने वाले व बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों पर कार्रवाई जारी रखे जाने की चेतावनी दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीम ने बीती रात 1693 वाहनों की चैकिंग के दौरान 45 वाहनों के चालान काटे गए और उन पर पांच लाख 65 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है। वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

### 855 वाहन जांचे

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 855 वाहनों की चैकिंग की गई और इस दौरान आरटीए विभाग द्वारा 12 वाहनों का चालान कर 2 लाख 15 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 135 वाहनों की चैकिंग के दौरान 13 वाहनों का चालान कर 1 लाख 66 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 574 वाहनों की चैकिंग के दौरान 9 वाहनों का चालान कर 79 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 129 वाहनों की चैकिंग के दौरान 11 वाहनों का चालान कर एक लाख पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर दिन रात चैकिंग की जा रही है।

जीवन में पेड़ों का बताया महत्व

# पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाना बेहद जरूरी: डॉ. पाल

- सात दिवसीय एनएसएस शिविर का किया गया आयोजन
- नशे जैसी सामाजिक बुराईयां से दूर रहने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र पाल ने भाग लिया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्या डॉ. माला शर्मा व कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने मुख्यातिथि को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

मुख्यातिथि डॉ. वीरेंद्र पाल ने एनएसएस शिविर के सफल आयोजन की स्वयंसेवकों व स्टॉफ सदस्यों समेत प्राचार्या को बधाई दी। उन्होंने बताया कि हम सभी किस प्रकार एनएसएस की सेवाओं से समाज में अच्छे परिवर्तन ला सकते हैं। डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि 'वर्तमान युग में प्रदूषित होते वातावरण को बचाने के लिए निरंतर पेड़ लगाने चाहिएं। नशे जैसी बुरी आदतों से समाज को बचाते हुए देश को उन्नति की तरफ ले जाना चाहिए।




यमुनानगर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि का स्वागत करते कॉलेज प्राचार्य और अन्य।

### ट्रैफिक नियमों की भी दी जानकारी

विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने कॉलेज व आस पास के स्थानों को साफ सुथरा व स्वच्छ रखने में अपना अहम योगदान देना चाहिए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र पाल का धन्यवाद किया। सात दिवसीय एनएसएस शिविर के सफलतापूर्वक होने पर एनएसएस अधिकारी प्रो. नवीन भारद्वाज और प्रो. नीतू कांबोज का धन्यवाद किया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों के अलग अलग गतिविधियों में भाग लेने और विजित होने पर पुरस्कार व एनएसएस शिविर में भाग लेने वाले सभी स्वयं सेवक सेविकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस शिविर का समपान राष्ट्रगान के साथ किया गया।

उन्होंने शिविर में स्वयंसेवकों को समाज कल्याण के कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा कि हमें एनएसएस शिविर में होने वाले अच्छे कार्यों को समाज में प्रयोग करना चाहिए। जिसका फायदा समाज व देश को मिल सके।

# श्रद्धापूर्वक मनाई समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

खेड़ा मोहल्ला वार्ड नंबर 4 में सैनी समाज द्वारा सोमवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका, समाज फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने भाग लिया। गणमान्य लोगों ने माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्पार्पित कर नमन किया।

सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि आज देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 1897 में 10 मार्च के दिन उनका निधन हुआ था। सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन में महिला अधिकार के लिए सदैव संघर्षरत रहीं। वह नारी सशक्तिकरण की प्रतीक और नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग में बालिका शिक्षा के प्रति जागृति लाने का प्रयास किया। साथ ही विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहित किया। सावित्री बाई फुले को भारत की पहली शिक्षिका होने का श्रेय जाता है। उन्होंने यह उपलब्धि तब हासिल की जब महिलाओं का शिक्षा ग्रहण करना तो दूर की बात थी। उनका घर से निकलना भी दूभर था। इस मौके पर रघबीर सैनी, बीटू सैनी, शुभम सैनी, नरेंद्र कुमार, संदीप सैनी, श्याम सैनी, सोनू सैनी, संजय सैनी, जगन चौहान मौजूद रहे।



**रादौर।** सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए।

# प्रतिस्पर्धा में नेतृत्व क्षमता जरुरी: ढींगरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में एलिवेट योर सॉफ्ट स्किल्स एंड एलिवेट योर करियर को लेकर चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने किया। जबकि संचालन जीटीटी के सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर मनोज कुमार ने किया।

सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर मनोज कुमार ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों के व्यक्तिगत और पेशेवर कौशल को निखारना और उन्हें भविष्य के करियर अवसरों के लिए तैयार करना रहा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को प्रभावी संचार, टीमवर्क, अनुकूलता, नेतृत्व क्षमता और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स सिखाए गए। जो न केवल उनके पेशेवर बल्कि शैक्षणिक जीवन में भी सफलता के लिए आवश्यक है। सेशंस को व्यावहारिक अनुभव और इंटरैक्टिव लर्निंग के साथ डिजाइन किया गया। जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में इन कौशलों का उपयोग करने का अवसर मिला। कार्यशाला की शुरुआत सॉफ्ट स्किल्स के परिचय से हुई। जिसमें महत्वपूर्ण अनुभागों और एक्शन वर्ब्स का उपयोग किया गया। वहीं, एक स्वाट विश्लेषण गतिविधि के माध्यम से उन्होंने अपनी ताकत, कमजोरियां, अवसर और चुनौतियों की पहचान की। जिससे उन्हें बेहतर आत्म जागरूकता और लक्ष्य निर्धारण में मदद मिली। जिसमें विद्यार्थियों ने वास्तविक जीवन के परिदृश्यों पर चर्चा की और टीमवर्क, समस्या समाधान और तार्किक सोच के कौशल विकसित किए। एक मेंटल एबिलिटी चैलेंज के तहत विद्यार्थियों ने पहेलियों और ब्रेन टीजर्स में भाग लिया। जिससे उनकी संज्ञानात्मक क्षमता तेज हुई। साथ ही डिबेट्स का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के पब्लिक स्पीकिंग, विश्लेषणात्मक सोच और टीम वर्क स्किल्स को बढ़ावा मिला।



### आत्म सुधार पर दिया बल

प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने कहा कि वर्तमान में प्रतिस्पर्धा के युग में केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर्याप्त नहीं है। प्रभावी संचार, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क स्किल्स का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला ने हमारे विद्यार्थियों को इन आवश्यक कौशलों को निखारने और भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया है। सत्रों की इंटरैक्टिव प्रकृति ने उन्हें व्यावहारिक अनुभव और आत्म सुधार की रणनीतियाँ प्रदान की। जिससे उनका आत्मविश्वासन बढ़ा और वे पेशेवर वातावरण में सफलता पाने के लिए बेहतर रूप से तैयार हुए। संस्थान भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन करने की योजना बना रहा है। जिससे छात्र बदलते जॉब मार्केट में प्रतिस्पर्धात्मक बनकर करियर बना सकें।

# मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी चुनौती: डॉ. परमार

**रादौर।** सीएचसी में सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें एसएमओ डॉ. विजय परमार ने भाग लिया। एसएमओ डॉ. विजय परमार ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज हमारी सबसे बडी चुनौती है। उन्होंने वर्ल्ड मानसिक स्वास्थ्य दिवस की जानकारी दी। स्वास्थ्य की बच्चों से लेकर वृद्धावस्था तक इसकी देख रेख करनी पडती है। हमें अपने स्वास्थ्य के साथ कभी भी कोई खिलवाड नहीं करना चाहिए। हमें तनाव से बचने के लिए सुबह शाम सैर करे। स्वस्थ रहने के लिए हमें पौष्टिक आहार लेना चाहिए। सुबह शाम योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। हमें अपने रोगों के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। रोग होने पर हमें तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। तभी हम स्वस्थ रह सकते है। हमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता के अभाव में बीमारियां जन्म लेती है। जिससे इंसान भयंकर बीमारियों का शिकार हो जाता है।



एसएमओ डॉ. विजय परमार।

# नन्हे- मुन्ने बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर की सरस्वती कॉलोनी स्थित एंजल पैराडाइस इंटरनेशनल प्री स्कूल में बाल कल्याण एवं जीवन ज्योति भविष्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नेहरु युवा केंद्र की जिला यूथ अधिकारी ओंकार स्वामी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में ब्रह्मकुमारी आश्रम रादौर की संचालिका बीके गीता, बीके आंचल व एडवोकेट पीयूष भार्गव मौजूद रहे। मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



**रादौर।** एंजल पैराडाइस इंटरनेशनल प्री स्कूल में में प्रस्तुति देते बच्चे।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। मौके पर मुख्यातिथि एवं नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों को बचपन में जिस स्थिति में ढाला जाता है वह आसानी से ढ़ल जाते हैं। हमें बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए अभी से उन पर ध्यान देने के जरुरत है। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए स्कूल प्रबंधक समिति सदस्यों व स्टॉफ सदस्यों की सराहना की। नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल निदेशक सुमन कांबोज ने ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास बढ़ता है।

## पंचायती भूमि से खैर के 20 पेड चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव करतारपुर की पंचायती भूमि से अज्ञात व्यक्ति ने खैर के 20 पेड़ काटकर चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव करतारपुर के सरपंच अमरपाल कौशिक ने बताया कि उनके गांव की पंचायती भूमि पर खैर के पेड़ लगे हैं। चार मार्च की रात को पंचायती भूमि पर खड़े खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। सुबह सूचना मिली तो वह गांव के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचा। जांच करने पर 20 खैर के पेड़ कटे मिले। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



# झुग्गियों में महिलाओं को वितरित किए सैनेटरी पैड

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन (रादौर) के रोट्रैक्ट क्लब के तत्वावधान में झुग्गी झोंपड़ियों में अभियान चलाकर महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। विद्यार्थियों की टीम ने रादौर क्षेत्र की झुग्गी झोंपड़ियों में जाकर महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए। मौके पर महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। टीम ने महिलाओं के साथ बातचीत कर उन्हें सैनेटरी पैड के उपयोग के लाभों व मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के बारे शिक्षित किया।

# सशक्तिकरण में कानूनी अधिकारों की जानकारी पहला कदम: अनीता कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में महिला सेल व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के तत्वावधान में जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के सहयोग से सोमवार को महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के अधिकारों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता के रुप में एडवोकेट सुश्री अनीता कुमारी ने भाग लिया।

एडवोकेट सुश्री अनीता कुमारी ने महिलाओं को प्राप्त विभिन्न कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से कानून द्वारा प्रदत्त सुरक्षा एवं प्रावधानों के बारे में जागरूक होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कानूनी अधिकारों की जानकारी सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम है। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक एवं दृढ़ निश्चयी होना चाहिए। डॉ. बबीता के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा महिला अधिकारों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने आज के समाज में महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। सहयोग के लिए जमना ऑटो इंडस्ट्रीज की सीएसआर प्रमुख संयम मराठा को धन्यवाद दिया। आयोजन का मुख्य उदेश्य युवा दिमागों को लैंगिक समानता और कानूनी जागरूकता की जानकारी दी। प्रो. गुरविंदर कौर व डॉ. पायल लांबा ने महिलाओं के लिए कानूनी साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. विजय शर्मा, प्रो.संतोष कुर्रा, डॉ. कैथरीन मसीह, डॉ. नीना पुरी, डॉ. नीलम बहल, डॉ. श्वेता, डॉ. वर्षा निगम, प्रो. मंगीत कौर, प्रो. नेहा परवीन व प्रो. पूजा राणा मौजूद रहे।



### मैनेजमेंट समिति प्रधान ने दी बधाई

प्रबंधन समिति प्रधान सरदार रणदीप सिंह जौहर संस्थान में इस तरह के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कॉलेज के प्रयासों की सराहना की। अधिक समावेशी व समतामूलक समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर बल दिया।

### सीटीएम ने शिविर में की जनसमस्याओं की सुनवाई

# शिविर में आई समस्याओं को हो शीघ्र समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि समस्या समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना जरुरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम पीयूष गुप्ता।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, पंचायतों से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडल स्तर पर तथा नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए नगर निगम कार्यालय यमुनानगर जगाधरी में भी प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह के वक्त समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा जिलों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों की मोनिटरिंग भी की जा रही है। ताकि समाधान शिविरों का लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### आमजन शिविर में पहुंचकर उठाएं लाभ

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने जिलेवासियों से आहवान किया कि वह समस्या समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्या का त्वरित समाधान करवाकर लाभ उठाएं। शिविर में पहुंची शिकायतों के समाधान के लिए सीटीएम पीयूष गुप्ता ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर में छछरौली निवासी आरिस का जाति प्रमाण पत्र बनाया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल, डीएसपी कवलजीत, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# होली खेल रहे नंदलाल, वृंदावन की कुंज गलिन में... भजन पर श्रद्धालुओं ने उठाया आनंद

## श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा का किया आयोजन

■ भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा आयोजित की गई। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राधा-कृष्ण के होली से संबंधित भाव के भजनों से वातावरण गूंज उठा। राजेंद्र चोपड़ा, नवीन भारद्वाज तथा रामकुमार शर्मा द्वारा होली और राधा भाव के भजनों का श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया और जमकर थिरके। होली खेल रहे नंदलाल, वृंदावन की कुंज गलिन में.... आदि भजनो पर श्रद्धालुओं का उल्लास देखने लायक था। सर्वेश्वर महादेव के सामने से प्रारंभ हुई परिक्रमा, वहीं पर आकर संपन्न हुई। परिक्रमा के पश्चात ठाकुर जी की आरती उतारी गई। गीता ज्ञान संस्थानम के व्यवस्थापक राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में 14 मार्च को होली उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संस्थानम परिसर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायिका अर्चना बावरी अपने भजनों से राधा और कृष्ण की स्तुति करेगी। इसके अलावा अनेक भजन गायक भजन गाएंगे। चोपड़ा ने बताया कि प्रातः 9 बजे शुरू होने वाले इस होली उत्सव में वृंदावन के तर्ज पर फूलों की होली खेली जाएगी और उसके पश्चात भंडारा प्रसाद वितरण होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को गीता मनीषी के आशीर्वचन श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि गीता मनीषी का जीवन गाय और गीता को समर्पित है। श्री कृष्ण कृपा गौशाला में लगभग 600 बेसहारा गोवंश की सेवा की जाती है और नगर में आयोजित परिक्रमाओं से जो भी चढ़ावा आता है, वह गऊ सेवा में प्रयोग किया जाता है।


कुरुक्षेत्र। 7बी के कृष्णा पार्क मे आयोजकों को संस्थानम की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते हुए।

### 7बी के कृष्णा पार्क मे प्रभातफेरी का आयोजन

गीता ज्ञान संस्थानम के व्यवस्थापक राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि होली उत्सव 14 मार्च के उपलक्ष्य में प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। सामेवार को प्रभातफेरी प्रातः 5 बजे 7बी कृष्णा नगर गामड़ी के कृष्णा पार्क मे पहुंची। यहां महिला संकीर्तन मंडल के सदस्यों द्वारा स्वागत किया व महिला संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों के माध्यम से सबका मन मोह लिया व पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। होली उत्सव को लेकर नगर के गली-मोहल्ले में प्रतिदिन प्रातः5 से 7 बजे तक परिक्रमा आयोजित की जा रही है।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में लखबीर सिंह ने भजनों से किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ कार्यक्रम आयोजक यशेंद्र शर्मा परिवार ने सर्वदेव पूजन किया।

महादेव मोहल्ला थानेसर के श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर में होली महोत्सव पर भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने होली के मधुर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम आयोजक यशेंद्र शर्मा परिवार ने सर्वदेव पूजन किया। कार्यक्रम में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने होली आई रे कन्हाई, रंग लाई सुना दे जरा बासुरी, आज बृज में होली रे रसिया और होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा इत्यादि भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश किया। इस अवसर पर रामकुमार भारद्वाज, विजय भारद्वाज, पूर्व पार्षद दीपक सिंगला, जंग बहादुर सिंगला, नागेंद्र शर्मा, अनुष्का शर्मा, बॉबी शर्मा, प्रेम शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, अमित भारद्वाज, अरुण दत्त, वरुण दत्त, हर्ष दत्त, सुंदर वालिया, अद्वैत भारद्वाज, विजय सैनी, लक्की शर्मा, विंध्यप्रकाश पांडे, शुभम पांडे, अनिरुद्ध शर्मा हन्नी, दीपक अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। श्रीराधा कृष्ण मंदिर में होली महोत्सव मनाते श्रद्धालु।


## अग्रसेन पब्लिक स्कूल में होगा कार्य, सुरक्षा व्यवस्था के किए पुख्ता इंतजाम

# नप थानेसर चुनाव की मतगणना कल, लगाए जाएंगे 14 टेबल

*आज सायं 3 बजे रिहर्सल की जाएगी, कल सुबह 8 बजे होगी गणना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर नगर परिषद आम चुनाव में चेयरपर्सन और 30 वार्डों के पार्षदों पदों की मत की गणना के लिए अधिकारी और कर्मचारी नियुक्त कर दिए गए है। इन आम चुनाव की मतों की गणना का कार्य 12 मार्च सुबह 8 बजे से होगा। इन मतो की गणना के लिए अग्रसेन पब्लिक स्कूल में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। इस मतगणना केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि अग्रसेन पब्लिक स्कूल में थानेसर नगर परिषद के आम चुनाव के मतों की गणना का कार्य 12 मार्च को सुबह 8 बजे शुरू होगा। इस मतगणना के लिए 11 मार्च को सायं 3 बजे रिहर्सल की जाएगी। इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आर.ओ. टेबल पर नगर परिषद थानेसर लेखाधिकारी मनोज चहल, अनूप कुमार लिपिक नगर परिषद, थानेसर सुरेन्द्र सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर, नगर परिषद थानेसर, चन्द्र छाबड़ा, कंप्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद थानेसर, सुनील कुमार सेवादार नगर परिषद थानेसर की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि आरओ टेबल वाईज रिजल्ट सीट पर परमजीत सिंह नायब तहसीलदार, थानेसर, अमित कुमार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी थानेसर, प्रदीप, ऑक्शन रिकॉर्डर, हरि किशन, ऑक्शन रिकॉर्डर, हरिन्द, मंडी सुपरवाइजर, हिमांशु शिक्षक, सुनील यादव, अमित कुमार की डयूटी लगाई गई है। स्ट्रांग रूम में ईवीएम सप्लाई करने के लिए प्रधानाचार्य जगमोहन, मार्किट कमेटी सचिव हरजीत सिंह, एसडीओ जितेन्द्र मुखीजा, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी राजकुमार व सहायक सुभाष चंद्र, लिपिक अमरीक सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। डीएमसी एवं आरओ सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि अग्रसेन पब्लिक स्कूल में चेयरपर्सन और पार्षद पद की मतों की गणना के लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। इन टेबलों पर बूथों के अनुसार मतगणना का कार्य होगा। इस प्रकार पहले दौर में 14 टेबलों पर 1 से लेकर 14 बूथों के मतों की गणना होगी। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि 14 टेबलों का रिजल्ट प्राप्त करके कंबाइन टेबल पर लाने के लिए लिपिक अभिषेक कुमार, रवि कुमार की ड्यूटी लगाई गई है और कंपाइलिंग टेबल पर रिजल्ट तैयार करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।


नेहा सिंह (उपायुक्त)


कुरुक्षेत्र। मतगणना केंद्र पर तैनात पुलिस कर्मी।

### 14 स्थानों पर नाके लगाए

*जिला पुलिस द्वारा सैक्टर-13 के मुख्य मार्गो पर 14 स्थानों पर नाके लगाए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 मार्च को सैक्टर-13 में मतगणना के लिए पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर सेक्टर-13 मार्किट पार्किंग, मंदिर के आस-पास पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया है जहां पर पर्किंग की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक ने अपील है कि अपने वाहनों को सड़कों पर ना खड़ा करें तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें। नाको या पार्किंग पर तैनात यातायात पुलिस द्वारा दिए गये निर्देशों की पालना करके प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने वाहन चालको से अपील करते हुए कहा कि 12 मार्च को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 की तरफ वाहन लेकर ना जाए।*

### पुलिस जवानों की तैनाती : एसपी

जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निदेर्शानुसार 12 मार्च को जिला में होने वाली निकाय चुनाव मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निकाय मतगणना के दौरान जिला पुलिस के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना स्थल के अलावा नाकों, गश्त व पेट्रोलिंग पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस जवानों की लगाया गया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में पहले से ही तैनात पुलिस बल के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने जारी अपने आदेश में कहा है कि 12 मार्च को जिला में होने वाली निकाय चुनाव की मतगणना को देखते हुए मतगणना स्थल अग्रसैन पब्लिक स्कूल सैक्टर-13 कुरुक्षेत्र व बीडीपीओ कार्यालय ईस्माइलाबाद में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतगणना स्थल के अस-पास पैदल व मोटरसाईकिल गश्त पार्टियों की भी नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही के सुरक्षा के लिए सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया है जो असमाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश में कहा कि मतगणना केन्द्रों पर मोबाईल फोन, पेन, किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक यंत्र, संदिग्ध वस्तु, असला वगैरा ले जाने की मनाही है। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने की इज्जात नहीं दी जाएगी।

### 69,355 मतों की होगी गणना

नप थानेसर में उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर आम चुनाव में 33113 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जबकि 36242 पुरुषों ने भी वोट डाले। इस प्रकार नप थानेसर के आम चुनाव में 69355 वोटों की गिनती का कार्य किया जाएगा। इन मतों की गणना का कार्य 12 मार्च को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 मतगणना केन्द्र में किया जाएगा।

## केयू जनसंचार संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने बजट सत्र-2025 का किया अवलोकन



■ संस्थान के विद्यार्थियों और संस्थान का चहुमंखी विकास मुख्य उदेश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र-2025 का अवलोकन किया। यह जानकारी संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अभिनव ने दी। इस प्रतिनिधिमंडल में संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव, गौरव कुमार और सुनिता के साथ जनसंचार के एम.ए. अंतिम वर्ष और एम.ए.सी अंतिम वर्ष विद्यार्थीगण सम्मिलित हैं। इस अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि संसदीय और विधायिका की रिपोर्टिंग करना पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में भारतीय राजनीति, प्रशासनिक व्यवस्था, बजट प्रस्तीकरण की प्रक्रिया, विधानपालिका की प्रक्रिया की समझ विकसित होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण जनसंचार संस्थान के विद्यार्थीगण प्रत्येक बजट सत्र के दौरान करते रहें हैं जिससे जनसंचार संस्थान और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा विद्यार्थियों के सवार्गीण विकास करने के उदेश्य को बल मिलता है। संस्थान के विद्यार्थियों और संस्थान का चहुमंखी विकास मुख्य उदेश्य है।

### आज मांगों का ज्ञापन सौंपेगा आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन

**कुरुक्षेत्र।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 11 मार्च को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हो या प्रदेश सरकार हो वो आये दिन जन विरोधी फैसले ले रही है और जबरदस्ती जनता पर थोपने का काम कर रही है जिसको लेकर आम जनता में गहरा रोष है। बार-बार ज्ञापन सौंपने पर भी किसान-मजदूरों की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। सरकार किसान-मजदूर संगठनों से बातचीत करने का भी खाली दिखावा कर रही है और तारीख पर तारीख दे रही है।

## भगवान वामन ने बलि से मांगी तीन पग भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ सेक्टर 29 जिंदल ग्लोबल सिटी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर 29 जिंदल ग्लोबल सिटी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता क था वा च क अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि बलि की वजह से सभी देवता बहुत दुखी थे। दुखी देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। इसके बाद अदिति ने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया, जिसके शुभ फल से भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में जन्म लिया। बलि अहंकारी था, उसे लगता था कि वह सबसे बड़ा दानी है। विष्णु जी वामन देव के रूप में उसके पास पहुंचे और दान में तीन पग धरती मांगी। अहंकारी बलि ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। मेरा तो पूरी धरती पर अधिकार है, मैं इसे तीन पग भूमि दान कर देता हूं। बलि वामन देव को तीन पग भूमि दान देने के लिए संकल्प कर रहे थे, उस समय शुक्राचार्य ने उसे रोकने की कोशिश की।


कुरुक्षेत्र। कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आचार्य रंगनाथ शास्त्री, प्रधान मनमोहन छतवाल, पवन छाबड़ा, सुरेंद्र मनीयानी, डॉ. अश्विनी मित्तल, डॉ. मंजू बाला शर्मा, पंडित विजय शर्मा, डॉ बलभद्र कौशिक, ललित चुटानी, बलराज शर्मा, ऋषि शर्मा, कवर जीत सिंह, रजनी छतवाल, अल्का, सिजा, अर्चना, मीनाक्षी, निर्मला, रजनी शर्मा, रीना चौधरी आदि मौजूद रहे।



### सैनिक सेवानिवृत्त होने के बाद भी हमेशा देश और समाज के प्रति समर्पित रहते हैं : कर्नल अमरदीप

**कुरुक्षेत्र।** 102 पैदलवाहिनी सेना के पूर्व ऑफिसर, जेसीओ और जवानों ने मिलकर अपनी यूनिट का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। हरियाणा ही नहीं पंजाब, हिमाचल और उत्तर प्रदेश के पूर्व सैनिक कुरुक्षेत्र के एक निजी होटल में भारी संख्या में एकत्रित हुए और साथियों से मिलकर अपनी यादें सांझा की। मुख्य अतिथि कर्नल अमरदीप सैनी ने कहा कि सैनिक हमेशा देश और समाज को समर्पित होता है और अपनी जान की बाजी लगाकर भी अपने देश के गौरव और तिरंगे को ऊंचा रखता है। वशिष्ट अतिथि कर्नल अश्वनी शर्मा ने कहा कि सैनिक अपने अनुभव से किसी भी परिस्थिति में सफलता हासिल कर सकता है और हमेशा सचाई के लिए लड़ता रहता है। कुरुक्षेत्र से सूबेदार रविन्द्र कौशिक और कार्यक्रम संयोजक टीम ने सभी साथियों का स्वागत किया और सूबेदार कौशिक ने अपने साथियों के बच्चों के लिए जेनेसिस कुरुक्षेत्र में 100% स्कोलरशिप देने का ऐलान किया और कहा कि ये हमारा सौभाग्य होगा कि हमे अपने साथियों की सेवा का मौका मिलेगा और साथ ही शिक्षा में अपने सैनिक परिवार के बच्चों की मदद भी करेंगे।

## सैलून पर काम करने वाले पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ हमले में सागर गंभीर रूप से घायल, एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती

थाना कृष्णा गेट के अंतर्गत रविवार की देर रात रोटरी चौक के समीप अज्ञात युवकों ने बिशनगढ़ के रहने वाले एक युवक सागर पर उस समय जानलेवा हमला कर दिया जब वह सेक्टर 17 से बिशनगढ़ जा रहा था। अज्ञात तीन हमलावरों ने सागर को रास्ते में रोक कर उसके सिर पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। हमले में सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान पीछे से एक दुधिया मोटरसाइकिल लेकर आ रहा था, जिसे देख कर अज्ञात हमलावर युवक गली की तरफ भाग गए। तीनों अज्ञात हमलावर युवकों ने अपने मुंह कपड़े से ढांप रखे थे। इसी दौरान सागर के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सागर को गंभीर हालत में एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सागर की हालत गंभीर बनी हुई है। हालांकि पुलिस सागर के बयान लेने के लिए अस्पताल में गई थी, लेकिन चिकित्सकों ने सागर के अनफिट घोषित करने पर पुलिस बयान नहीं ले पाई। दूसरी ओर सागर पर जानलेवा हमला होने से परिजन भी सदमे में हैं। देर रात पुलिस को दी गई शिकायत में सागर के मामा विजय ने बताया कि सागर सेक्टर 17 में एक सैलून पर काम करता है। तकरीबन 11 बजे वह सेक्टर 17 से पैदल गांव बिशनगढ़ आ रहा था। सागर जब रोटरी चौक से आगे आया तो तीन अज्ञात युवकों ने सागर को रोक लिया। अज्ञात तीनों युवकों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। अज्ञात युवकों ने सागर से उसका बैग व मोबाइल छीनने की कोशिश की। जब सागर ने युवकों का विरोध किया तो अज्ञात युवकों ने उसके ऊपर नुकीले हथियार से हमला कर दिया।


कुरुक्षेत्र। घायल सागर को अस्पताल में लेकर पहुंचे परिजन।

**कार्यक्रम** फर्स्टक्राय इनटेलिटोटस प्री स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

# वार्षिक उत्सव में नन्हें बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ माता-पिता व अभिभावकों ने बच्चो की प्रशंसा की

फर्स्टक्राय इनटेलिटोटस प्री स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा व जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन प्रीस्कूल की तरफ से किया गया व प्रीस्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे प्रत्येक बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी बच्चों के माता-पिता व अभिभावक इतने प्रसन्न थे की सभी ने प्री स्कूल को फाइव स्टार की रेटिंग दी। मुख्य अतिथियों ने सभी स्टाफ सदस्यों को व सभी प्रबंधन सदस्यों की प्रशंसा की व सभी को अपने छोटे बच्चों को फर्स्टक्राय इंटेलीटोटस प्रीस्कूल में दाखिला लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस इसके समकक्ष कोई प्रीस्कूल नहीं है। जिन बच्चों का दाखिला स्कूल में कराया गया है और जिन बच्चों ने स्कूल में दाखिला लेना है उन सभी के माता-पिता व अभिभावकों द्वारा बहुत बुद्धिमता का निर्णय लिया गया है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्कूल के संचालक स्वीटी कौशिक, प्रियंका शर्मा, पूनम शर्मा, पवन मित्तल कोऑर्डिनेटर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया, डॉ नेहा सोबती चाइल्ड साइकैटरिस्ट, सोनू शर्मा, नरेश शर्मा व सभी बच्चों के माता-पिता व अभिभावक मौजूद रहे।

### ग्रीन फील्ड स्कूल की प्रिंसिपल महिला दिवस पर सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सुमिता ठाकुर को महिला दिवस के अवसर पर उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रेरणा वृद्ध आश्रम कुरुक्षेत्र, भगवती वेलफेयर सोसाइटी, समाचार क्यारी पंचकूला द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित समारोह में प्रदान किए गए। सम्मान समारोह में उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्थान के प्रयासों की सराहना की गई।

### महिलाओं को उनके अधिकारों से करवाया अवगत

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने ठाकुरद्वार मंदिर शाहबाद में समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि ईशा अगवाल और डिंपल अरोड़ा मौजूद रही। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कविता सिंगला व दीपा सिंगला ने शिरकत की। दीप प्रज्जवलित संरक्षक शाम लाल पोपली, संरक्षक मदन लाल कथूरिया, प्रधान राजेश सिंगला, उप प्रधान रणबीर वर्मा, सचिव नरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र ने किया। मंच संचालन कुमारी सविता मदान ने किया।

### सार्वजनिक सूचना

श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा (रजि.) कुरुक्षेत्र के सभी मतदाताओं/ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सभा के कोलिजम (108) हेतु सदस्यों का चुनाव वरदराज मंदिर, नजदीक ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र पर निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार सम्पन्न होगा।

**कोलिजम के सदस्यों के लिए नामांकन :** 15-3-2025, सुबह 10 से 2 बजे
**नामांकन पत्रों की जांच-पड़ताल:** सायं 3 बजे
**नामांकन पर एतराज/निपटारा** सायं 4 से 5 बजे तक, निपटारा सायं 6 बजे
**नामांकन की वापसी :** दिनांक 16-3-2025, सुबह 10 से 11 बजे
**मतदान अगर आवश्यक हुआ दिनांक 23-3-2025, सुबह 10 से 4 बजे तक परिणाम तुरंत मतदान पश्चात**

जारीकर्ता

**अश्विनी कुमार रीतवाल** (चुनाव अधिकारी)
**शशिकांत शर्मा** (चुनाव अधिकारी)

## खबर संक्षेप




अंबाला। तस्करी में काबू आरोपी।

### हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर के पालिका विहार गेट एनएच-44 सर्विस रोड से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी शिवा को 13 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इस आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को हेरोइन समेत काबू कर लिया। अब आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

### शिविर में समस्याओं का किया समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में मुख्य कार्यकारी शिवालिक डिवेलपमेंट बोर्ड एवं नगराधीश पूजा कुमारी ने लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान के आदेश दिए। अधिकांश लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिलें में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### सुनी जाएंगी बिजली संबंधी समस्याएं

**अंबाला।** अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय बलदेवनगर में मंगलवार को उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया जाएगा। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर की ओर से सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। गोयल ने बताया कि इस दौरान बिजली संबंधित समस्याएं सुनी जाएंगी।

### मारपीट के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण को शामिल जांच किया है। पंजलासा के नीतेश कुमार ने 17 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 दिसंबर 2024 को आरोपी कर्ण व अन्य ने उससे लड़ाई झगड़ा कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### भाजपा मीडिया प्रभारी की पत्नी का निधन

**मुलाना।** भाजपा मंडल के मीडिया प्रभारी श्रीपाल जैन की पत्नी कमलेश जैन का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। इलाज के दौरान उनका स्वर्गवास हो गया।



कमलेश जैन।

कमलेश जैन एक सरल स्वभाव और खुश मिजाज़ व्यक्तित्व की धनी थी। वो हमेशा धार्मिक व समाजसेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती थी। परिवार और समाज के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व विधायक संतोष सारवान, पवन सैनी, जरनैल तलहेडी, डिंपल राणा, मनदीप बोपाराय, नरेंद्र बिलमा , पूर्व सरपंच नरेश चौहान, करम सिंह गुज्जर, अशोक जैन ने कमलेश जैन के निधन पर शोक जताया।

# प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की वार्षिक परीक्षा 17 मार्च से

रहमदीन ⏭ बराड़ा

प्रदेश के सरकारी प्राइमरी स्कूलों में पढने वाले बच्चों की वार्षिक परीक्षा 17 मार्च से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 22 मार्च तक चलेगी। विभाग द्वारा बालवाटिका 3 से लेकर कक्षा पांचवी तक के बच्चों के लिए डेट शीट जारी कर दी गई है। यह परीक्षा निपुण दक्षताओं पर आधारित होगी। बाल वाटिका 3 के बच्चों की परीक्षा 17 और 18 मार्च को ली जानी है। 17 मार्च को कक्षा पहली की अंग्रेजी की लिखित परीक्षा और 18 को मौखिक परीक्षा होगी। इसी प्रकार कक्षा पहली के बच्चों का गणित का लिखित पेपर 19 को होगा तो इसकी मौखिक परीक्षा 20 को होगी। 21 मार्च को हिंदी की लिखित परीक्षा होगी और अगले दिन 22 मार्च को हिंदी की मौखिक परीक्षा होगी। 17 मार्च को दूसरी कक्षा का पहला पेपर गणित का होगा जोकि लिखित होगा और अगले दिन 18 को गणित विषय की मौखिक परीक्षा ली जायेगी। इसी प्रकार 19 को हिंदी की लिखित परीक्षा व 20 को हिंदी विषय की मौखिक परीक्षा ली जायेगी। इसी प्रकार से 21 और 22 को अंग्रेजी का लिखित व मौखिक पेपर होगा।

कक्षा तीसरी के बच्चों की गणित की लिखित और मौखिक परीक्षा एक ही दिन 17 मार्च को होगी। 18 को अंग्रेजी की लिखित परीक्षा व 19 को अंग्रेजी की मौखिक परीक्षा ली जायेगी। 20 को हिंदी की लिखित व 21 को मौखिक परीक्षा होगी तो वहीं इनका ईवीएस का पेपर 22 मार्च को लिया जाएगा।

▪ 20 मार्च को कक्षा चौथी के बच्चों का अवकाश रहेगा




## कक्षा तीसरी तक के बच्चों की होगी लिखित व मौखिक परीक्षा

### बच्चों को मिलेगी एक दिन की छुट्टी

17 मार्च को कक्षा चौथी का पहला पेपर अंग्रेजी विषय का होगा तो वहीं कक्षा पांचवी का पहला पेपर गणित विषय का होगा। 18 मार्च को दोनों कक्षाओं की छुट्टी रहेगी। अगले दिन 19 मार्च को जहां कक्षा चौथी की गणित विषय की परीक्षा होगी तो वहीं इसी दिन पांचवी के बच्चों की अंग्रेजी की परीक्षा होगी। 20 मार्च को कक्षा चौथी के बच्चों का अवकाश रहेगा लेकिन इस दिन पांचवी के बच्चों का हिंदी का पेपर 20 को होगा। 21 मार्च को केवल चौथी कक्षा के बच्चों की इवीएस की परीक्षा ली जाएगी। 22 मार्च को चौथी कक्षा का हिंदी का पेपर होगा तो पांचवी कक्षा के बच्चों का इस दिन इवीएस का पेपर होगा।



## प्रेक्टिस पेपर से परीक्षा की तैयारी

विभाग की ओर से बालवाटिका-3 से लेकर कक्षा तीसरी तक के बच्चों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेक्टिस पेपर विभाग की ओर से उपलब्ध करवा दिए गए हैं। ये प्रेक्टिस पेपर एससीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए गए है। केवल बालवाटिका कक्षा के लिए संयुक्त परीक्षा का आयोजन किया जा सकता है। कक्षा 1 से तीन के बच्चों के लिए लिखित और मौखिक परीक्षा ली जानी है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि लिखित परीक्षा श्रुतलेख और लेखन कौशल आधारित दक्षता का परीक्षण करेंगी तथा मौखिक परीक्षा विद्यार्थियों के सुनने, बोलने और उनके पढने के कौशल का परीक्षण करेंगी।

### डेट शीट प्राप्त हो चुकी

विभाग की ओर से जारी प्राथमिक कक्षाओं की डेट शीट प्राप्त हो चुकी है। इस डेटशीट को सभी ब्लॉक को भेज दिया गया है और उन्हें परीक्षा को सही ढ्ग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए है।

*-सुधीर कालड़ा*
*डीईईओ, अंबाला*

### महिला व बुजुर्गों को भी आश्रम में मिलेंगी सुविधाएं

# सेवा धाम आश्रम का निर्माण होगा पूरा, अप्रवासी भारतीयों ने की मदद

### दुर्लभ बीमारी से पीड़त बच्चों के उपचार में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) से पीड़ित बच्चों के लिए सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) की ओर से गांव साहा में सेवा धाम-आश्रम का निर्माण किया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए इंग्लैंड के अप्रवासी भारतीयों ने आर्थिक योगदान देते हुए दान राशि का चेक ट्रस्ट को सौंपा।

इस राशि से भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर इंग्लैंड से आए शमिंद्र सिंह गरचा ने ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पहल पीड़ित परिवारों के लिए नई उम्मीद लेकर आएगी। भविष्य में भी ट्रस्ट की सहायता करने का आश्वासन दिया।

### प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी

सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि इस सेवा धाम-आश्रम में डीएमडी से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क फिजियोथेरेपी, कटूथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, योग, मेडिटेशन और आयुर्वेदिक उपचार प्रदान किए जाएंगे। इन उपायों से बच्चों की जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा और उनकी आयु बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त इस आश्रम में लड़कियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर कौशल विकास केंद्र,महिलाओ के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र, बुजुर्गों के लिए निशुल्क डे-केयर सेंटर व आधुनिक जांच सुविधाओं से युक्त डायग्नोस्टिक सेंटर स्थापित किए जाएंगे।




बराड़ा। भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग देते हुए समाजसेवी। *फोटो : हरिभूमि*

### 2.5 करोड़ की लागत, महंगा इलाज चुनौती

ट्रस्टी विवेक शर्मा ने बताया कि इस सेवा धाम-आश्रम के निर्माण पर लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। हरियाणा और पंजाब में 700 से अधिक बच्चे इस दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे हैं। इन बीमार बच्चों को विशेष देखभाल और महंगे इलाज की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि डीएमडी के एक इंजेक्शन की कीमत करीब 16 करोड़ रुपये है। जीन थेरेपी का खर्च 28 करोड़ रुपये तक होता है। अधिकांश बच्चे महंगे इलाज के अभाव में कम उम्र में ही दम तोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि "डाबर इंडिया की ओर से इस बीमारी से पीड़ित बच्चों को निशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### इस दौरान यह रहे मौजूद

इस अवसर पर इंग्लैंड से आए रणजीत सिंह कंदोला, जोगा सिंह बिसला, अवतार सिंह गिल, सोढ़ी सिंह, सुखदेव सिंह गरचा, दिलबाग सिंह बागी बंगा सहित कई एनआरआई उपस्थित रहे। इसके अलावा, बलजिंद्र सिंह, सेवा धाम ट्रस्टी रिंपल चौहान, देवेंद्र धीमान, कुरुक्षेत्र प्रधान पवन मित्तल, मदन धीमान, रविंद्र शर्मा, अशोक, रविंद्रजीत सिंह, जसबीर सिंह तंगोर, ऋषि पाल धीमान और अंकित भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# नशे की हालत में युवक को कमरे में ताला लगाकर फरार होने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

थाना सदर में दर्ज नशे की हालत में तड़फता हुआ छोड़ कर ताला लगाकर चले जाने उपरांत हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरतेज को गिरफ्तार किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से मृतक की गाड़ी, एटीएम, मोबाइल, तीन सोने की अंगूठी व कुछ नकदी बरामद की गई है।

आरोपी ने मृतक के एटीएम से लगभग 1 लाख 85 हजार रूपये की राशि निकलवाकर सोना अंगूठियाँ खरीदी थी। बड़ौला गांव के गुरशरण ने 7 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13/14 फरवरी 2025 के दौरान आरोपी गुरतेज उसके भाई को नशे की हालत में तड़फता हुआ छोड़कर ताला लगाकर चला गया। इसके कारण उसके भाई की मौत हो गई । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।



अंबाला। पुलिस हिरासत में आरोपी।

# छात्रों को जंकफूड से दूर रहने की सलाह



शहजादपुर। चेकअप के दौरान मौजूद छात्र व चिकित्सक।

**शहजादपुर।** पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल पतरेहड़ी में पीएचसी की तरफ से बच्चों के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टर नितीश शर्मा और डॉक्टर प्रिया कौशिक, फार्मासिस्ट दीपिका और एएनएम कोमल की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य चेक किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा स्वास्थ संबंधी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके उपरांत प्रधानाचार्या दीपा कौशिक ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। बच्चों को स्वस्थ के प्रति सजग रहना और खानपान से अवगत करवाते हुए बताया कि फास्टफूड और जंक फूड से दूरी बना कर स्वस्थ रहा जा सकता है। इस मौके अध्यापक पर राहुल मित्तल, चंद्र , मनीष गुप्ता, हरदीप सिंह अध्यापक उपस्थित थे।

# नारायणगढ़ क़ो मिली गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक का निर्माण किया जाएगा। इसकी मंजूरी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदान की गई है। बता दें कि गत 20 जनवरी को अनाज मंडी में आयोजित विशाल जनसभा में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी द्वारा हल्के की मांगों को रखा गया था। तब सीएम के सामने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक खोलने का भी आग्रह किया गया था। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने इसके लिए सीएम नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया है। सैनी ने कहा कि क्षेत्र में पॉलिटेक्निक खुलने से तकनीकी शिक्षा को विस्तार मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि विज्ञान, इंजीनियरिंग और तकनीकी विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त कर युवा व्यवहारिक ज्ञान और कौशल प्राप्त कर वे सरकारी क्षेत्र के अलावा उद्योगों, व्यवसायों और तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा से नवाचार (इनोवेशन) और उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) को बढावा मिलेगा। तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर युवा नए स्टार्टअप और इनोवेशन करने में सक्षम होते हैं। मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं के तहत उद्यमिता को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर युवा कुशल इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ बन देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने में अपना योगदान दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन ही नहीं बल्कि देश की औद्योगिक क्रांति और आत्मनिर्भर भारत मिशन को सफल बनाने का एक महत्वपूर्ण जरिया भी है।




नारायणगढ़। मीडिया से बातचीत करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

▪ पूर्व विधायक ने सीएम का जताया आभार

# डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में होला-मोहल्ला 14 से



बाबा संत बाबा दलजीत सिंह जी महाराज।

▪ रागी जत्थे संगत को गुरु की वाणी से करेंगे निहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

डेरा संत बाबा दलजीत सिंह बराड़ा में त्रिदिवसीय होला-मोहल्ला समागम 14 से 16 मार्च तक श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। डेरे के संस्थापक संत बाबा दलजीत सिंह ने बताया कि समागम मनाने के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

डेरा के प्रवक्ता अशोक खरबंदा ने बताया कि शुक्रवार 14 को श्री अखंड पाठ साहिब रखे जाएंगे। 16 रविवार को प्रातः 8 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत निशान साहिब की सेवा होगी। प्रातः 9 से 2 बजे तक कीर्तन दरबार सजाए जाएंगे। जिसमें महान रागी जत्थे भाई लखविंदर सिंह (शाहबाद वाले) बीबी मनप्रीत कौर खालसा (दिल्ली वाले) बीबी कमल गिल (दिल्ली वाले) भाई तजिंदर सिंह जी (बराड़ा वाले), बाबा दलजीत सिंह (बराडा वाले), ढाडी जत्था भाई सुखदेव सिंह बेली (रोपड़ वाले), भाई सुखजिंदर सिंह (चंडीगढ़ वाले) संगत को कथा, कीर्तन व गुरु इतिहास सुनाकर निहाल करेंगे। खरबंदा ने यह भी बताया कि यह समागम डेरा बाबा दलजीत सिंह द्वारा पूर्ण सेवा व लगन से किया जा रहा है। इस डेरे की का महत्व दिनों दिन बढ़ रहा है। इस डेरे में आने से प्रेत-आत्माओं के सताए लोगों का इलाज करके उनको हमेशा के लिए उन प्रेत आत्माओं से छुटकारा दिलाते हैं। प्रतिदिन यह डेरा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस बारे संत बाबा दलजीत सिंह ने बताया कि होली के अवसर पर गुरु का लंगर अटूट बरताया जाएगा।

## निबंध लेखन में उर्वशी ने मारी बाजी



अंबाला। विजेता छात्रों के साथ शिक्षक।

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के प्रांगण में पंजाबी विभाग द्वारा पंजाबी भाषा में निबंध लेखन का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा उर्वशी को, दूसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष के छात्र दीपक ग्रोवर को, तीसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष की प्रीति और सांत्वना पुरस्कार बीकॉम द्वितीय वर्ष की पलक को प्राप्त हुआ । कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने सभी बच्चों को आशीर्वाद और बधाई दी। सारे आयोजन को सफलता पूर्वक करने का श्रेय पंजाबी विभाग की अध्यक्षा डॉ. गगन दीप और प्रो. क्यूट खरबंदा को दिया।

## श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार का होली मिलन समारोह 14 को होगा

**अंबाला।** श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार की ओर से 14 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के पावन सान्निध्य में श्री कृष्ण कृपा गीता धाम मंदिर सेक्टर-8 अंबाला शहर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने आशीर्वचनों में बताया कि होली गीता ज्ञान का सार और आधार है। यह पर्व प्रेम भाव सद्भाव रंगों का सुन्दर दिव्य श्रृंगार है जिसे श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार की ओर हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक केवल चावला एवं हैप्पी चावला ने बताया कि श्रीधाम वृंदावन की बहन अर्चना बावरी अपने भक्ति रस के भजनों के रंग बिखेरेंगी। यह कार्यक्रम 14 मार्च को सांय 6 से 8 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता का परिवार फूलों से होली खेलकर इस पर्व को मनाएगा।



स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज

## ब्रह्मकुमारीज की ओर से धन्यौड़ा में भव्य कार्यक्रम आयोजित

# मैं शब्द आत्मा के लिए है शरीर के लिए नहीं: कोमल दीदी

▪ राजयोगिनी बोलीं-यह देह का भान ही सभी विकार और दुख का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कोमल दीदी ने कहा अपने सारे दिन की बातचीत में मनुष्य प्रतिदिन न जाने कितनी बार ' मैं ' शब्द का प्रयोग करता है। परंतु यह एक आश्चर्य की बात है कि प्रतिदिन ' मैं ' और ' मेरा ' शब्द का अनेकानेक बार प्रयोग करने पर भी मनुष्य यथार्थ रूप में यह नहीं जानता कि ' मैं ' कहने वाले सत्ता का स्वरूप क्या है। चेतना, आध्यात्मिक प्रकाश, मौलिक वास्तविकता, स्वयं, शाश्वत आत्मा है। इसलिए 'मैं' शब्द आत्मा के लिए है शरीर के लिए नहीं । ठीक इसी प्रकार जब हम किसी ऐसी वस्तु के बारे में बात करते है जिसके हम मालिक होते है तो हम कहते हैं कि यह मेरा घर है। यह मेरा मोबाइल है। 'मेरा' का भाव है, मैं उसका मालिक हूं मैं घर नहीं हूं, इसी प्रकार आत्मा कहती है मेरे हाथ मेरे कान मेरी आंखें अर्थात आत्मा इस शरीर की मलिक है। शारीरिक उपस्थिति से परे, आत्मा प्रकाश का एक छोटा सा बिंदु है। यह प्रकाश आत्मा के गुण वा शक्तियों का एक प्रतीक है। आत्मा मन और बुद्धि के संकाय के माध्यम से सोच सकती है। निर्णय ले सकती है। हम एक चैतन्य आत्मा है। जब हम अपने असली स्वरूप को भूल, अपने को शरीर देखते व समझते हैं तो इसे ही देह अभिमान कहा जाता है। वास्तव में यह देह का भान ही सभी विकार और दुख का कारण है।

उन्होंने परमात्मा का परिचय देते हुए बताया कि परमात्मा हम सर्व आत्माओ के पिता है जो हमे सुख और शांति का अविनाशी वर्सा देते हैं। आत्माओं की तरह, भगवान प्रकाश का ही एक सूक्ष्म बिंदु है लेकिन मानव आत्माओं के विपरीत वो आत्मा जन्म और मृत्यु के चक्र से परे है, अर्थात चक्र मे नहीं आते और कर्मों के फल - सुख वा दुख की अनुभूति नहीं करते। भगवान सभी मानव आत्माओं का सर्वोच्च पिता, माता, शिक्षक, सखा और सतगुरु है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने कहा अभी वह समय चल रहा है जब परमात्मा स्वयं अवतरित हो अपना सत्य परिचय देते हैं एवं सत्य ज्ञान दे सत्य धर्म की स्थापना करते हैं। इस समय को संगम युग या पुरुषोत्तम युग के नाम से जाना जाता है।

इस दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया।कार्यक्रम में सरपंच कप्तान सिंह उपस्थित रहे। सरपंच ने ब्रह्माकुमारी बहनों का गांव में पधारने के लिए उनका आभार जताया।




अंबाला। बीके बहनों को सम्मानित करते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*